Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to accelerate the construction of Dausa-Gangapur railway line-laid.

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): दौसा-गंगापुर रेल परियोजना 1998 में स्वीकृत हुई थी। यह परियोजना 21 वर्ष में भी पूर्ण नहीं हो पाई है। 92 किलोमीटर रेल लाइन बनाने में इतना विलम्ब होने से जनता का धैर्य भी जवाब देने लगा है। इस पर बने अंडरपास जल निकास की कमी के कारण जन हानि का कारण बन रहे हैं। इन सभी को टिन शेड से ढका जाना आवश्यक है। रेलवे के विस्तार पर हमारी सरकार का ध्यान है। अत: इस रेलवे लाइन को गंगापुर सिटी के आगे करौली व धौलपुर से जोड़ा जाना अति आवश्यक है। करौली धार्मिक नगर के साथ-साथ लाल पत्थर का बड़ा क्षेत्र है। जिस पत्थर से ऐतिहासिक लाल किला व हमारी संसद का भवन बना हुआ है। डांग क्षेत्र की पिछड़ी जनता को भी रेल यातायात मुहैया होगी और माँ कैला देवी के दर्शनार्थी भी इसका लाभ उठाएंगे।